कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गाजीपुर।

पत्रांक / — /2018–19 दिनांकः– 31-12-18

कार्यालय के पत्रांकः मान्यता/2170--75/2014--15 दिनांक 30.08.2014 द्वारा सनबीम स्कूल महराजगंज, विकास खण्ड– सदर, गाजीपुर (मान्यता कोड संख्या– L-8(E) 09/2014) को कक्षा नर्सरी से 08 तक की अस्थायी मान्यता अंग्रेजी माध्यम से दिनांक 30.08.2014 से 29.08.2017 तक के लिए प्रदान की गई थी।

प्रबन्धक, सनबीम स्कूल महराजगंज, गाजीपुर ने अपने पत्र दिनांक 08.05.2018 के साथ मान्यता आदेश एवं अन्य पत्राजात संलग्न करते हुए विद्यालय को स्थायी मान्यता प्रदान किये जाने हेतु अनुरोध किया गया, जिसके क्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी क्षेत्र सदर गाजीपुर से जांच आख्या की मांग की गई।

खण्ड शिक्षा अधिकारी क्षेत्र सदर, गाजीपुर ने अपनी आख्या दिनांक 27.12.2018 में विद्यालय द्वारा मान्यता की शर्तो के उल्लघंन से सम्बन्धित कोई तथ्य प्राप्त न होने का उल्लेख करते हुए विद्यालय को स्थायी मान्यता प्रदान किये जाने की संस्तुति की गई है।

खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास खण्ड सदर की आख्या दिनांक 27.12.2018 के आधार पर शासनादेश संख्याः 419/79–6–2013–18(20)/91 दिनांक 08 मई 2013 के प्रस्तर 15 में निहित निर्देशों के अधीन विद्यालय को अंग्रेजी माध्यम की कक्षा नर्सरी से कक्षा 08 तक स्थायी मान्यता प्रदान की जाती है।

(श्रवण कुमार गुप्ता)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गाजीपुर।

पृ0सं0/ 13489-93 /2018–19 तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– सचिव, उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज।
2– सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) वाराणसी मण्डल वाराणसी।
3– वित्त एवं लेखाधिकारी, बेसिक शिक्षा गाजीपुर।
4– खण्ड शिक्षा अधिकारी, विकास खण्ड सदर, गाजीपुर।
5– प्रबन्धक, सनबीम स्कूल महराजगंज, विकास खण्ड– सदर, गाजीपुर।

31/12/18

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गाजीपुर।

Manager
Sunbeam School
Maharajganj-Ghazipur

Principal
Sunbeam School